**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

**OMR Sheet No. :** ..........................................

(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ______________________

(In words)

**D 1 7 1 5**

# PAPER - II
# MANAGEMENT

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।

## MANAGEMENT
## PAPER - II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

**1.** Which one of the following assumptions is **not** related to consumer behaviour based on the cardinal utility approach ?
(1) Rationality
(2) Diminishing marginal utility of money
(3) Utility cardinally measurable
(4) Maximization of satisfaction with limited money income

**2.** **Statement – I :** A rectangular hyperbola shaped demand curve has uniform slopes on all its points.
**Statement – II :** If the price elasticity is equal to unity, the marginal revenue corresponds to zero.
**Code :**
(1) Both the statements are correct
(2) Both the statements are incorrect
(3) **Statement – I** is correct while **Statement – II** is incorrect
(4) **Statement – I** is incorrect while **Statement – II** is correct

**3.** Match the items of **List – I** with the items of **List – II** and find the correct combination :

| | **List – I (Market Structure)** | | **List – II (Nature of industry where prevalent)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Perfect competition | (i) | Aluminium and passenger cars |
| (b) | Oligopoly | (ii) | Public utilities like Telephones and Electricity |
| (c) | Monopoly | (iii) | Manufacturing : T.V. Sets, Refrigerators |
| (d) | Monopolistic competition | (iv) | Farm Products : Grains |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**4.** **Statement – I :** In general, the NPV and IRR methods lead to the same acceptance or rejection decision when a single project is involved.
**Statement – II :** The inconsistency in ranking of competing projects as per the NPV and IRR methods lies in the implicit assumptions with regard to different rates of returns on re-investment of intermediate cash flows.
**Code :**
(1) Both statements are correct
(2) Both statements are incorrect
(3) **Statement – I** is correct while **Statement – II** is incorrect
(4) **Statement – I** is incorrect while **Statement – II** is correct

## प्रबंधन

## प्रश्न-पत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्न-पत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**1.** निम्नलिखित अवधारणाओं में कौन-सी अवधारणा प्रधान (कार्डिनल) उपयोगिता दृष्टिकोण के आधार पर उपभोक्ता व्यवहार से संबंधित **नहीं** है?

(1) विवेकशीलता
(2) मुद्रा की ह्रासमान सीमांत उपयोगिता
(3) प्रधान रूप से मापन योग्य उपयोगिता
(4) सीमित मुद्रा आय से संतुष्टि का अधिकतमकरण

**2.** **कथन – I :** एक आयताकार अतिपरवलय आकृति के मांग वक्र के सभी बिन्दुओं पर एक समान ढलान होती है।

**कथन – II :** यदि मूल्य सापेक्षता इकाई के समान हो, तो सीमांत राजस्व शून्य के संगत होता है।

**कूट :**

(1) दोनों कथन सही हैं।
(2) दोनों कथन गलत हैं।
(3) **कथन – I** सही है जबकि **कथन – II** गलत है।
(4) **कथन – I** गलत है जबकि **कथन – II** सही है।

**3.** **सूची – I** की मदों का **सूची – II** की मदों से मिलान करें और **सही** संयोजन का पता लगाएं :

| **सूची – I** (**बाज़ार ढांचा**) | **सूची – II** (**उद्योग का स्वरूप जहाँ विद्यमान है**) |
|---|---|
| (a) पूर्ण प्रतियोगिता | (i) ऐलूमिनियम और यात्री कार |
| (b) अल्पाधिकार | (ii) टेलीफोन तथा विद्युत जैसी जन सुविधाएं |
| (c) एकाधिकार | (iii) विनिर्माण : टी.वी. सेट, रेफ्रिजिरेटर्स |
| (d) एकाधिकारवादी प्रतिस्पर्धा | (iv) कृषि उत्पाद : अनाज |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**4.** **कथन – I :** सामान्य तौर पर एक परियोजना में, NPV और IRR विधियों से समान स्वीकृति अथवा अस्वीकृति संबंधी निर्णय उत्पन्न होते हैं।

**कथन – II :** NPV और IRR विधियों के अनुसार प्रतिस्पर्धी परियोजनाओं की रैंकिंग में असंगति माध्यमिक नकद प्रवाह के पुनर्निवेश पर प्रतिलाभ की भिन्न-भिन्न दरों के संबंध में निहित अवधारणाओं में होती है।

**कूट :**

(1) दोनों कथन सही हैं।
(2) दोनों कथन गलत हैं।
(3) **कथन – I** सही है जबकि **कथन – II** गलत है।
(4) **कथन – I** गलत है, जबकि **कथन – II** सही है।

5. Which one of the following is **not** covered in macro-economics ?
   (1) Performance of the entire economy
   (2) Price and output determination of a commodity
   (3) Factors and forces of economic fluctuations
   (4) Monetary and fiscal policies

6. Match the below mentioned aspects with their main behavioural disciplines :

| | **Aspects** | | **Behavioural discipline** |
|---|---|---|---|
| (a) | Leadership and stress management | (i) | Psychology |
| (b) | Group conflict management | (ii) | Anthropology |
| (c) | Cross-cultural analysis | (iii) | Sociology and Psychology |
| (d) | Power | (iv) | Political science |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

7. The operant conditioning or learning approach to behaviour is based on _________.
   (1) Law of reinforcement (2) Law of effect
   (3) Law of reproduction (4) Law of expectations

8. The principles by which the process of perceptual organization works was first identified by Max Wertheimer in the year _________.
   (1) 1918 (2) 1933 (3) 1924 (4) 1923

9. The _________ leadership theory of _________ describes that effective group performance depends on the proper match between the leader's style if interacting with his subordinates and the degree to which the situation gives control and influence to the leader.
   (1) 'Iowa State Leadership Studies'; Ronald Lippitt and Ralph K. White
   (2) 'Managerial Grid'; Blake and Mouton
   (3) 'Trait Theory'; Stodgill and Barnard
   (4) 'Contingency Model'; Fred Fiedler

5. समष्टि-अर्थशास्त्र में निम्नलिखित में से कौन-सा सम्मिलित **नहीं** है ?

(1) संपूर्ण अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन

(2) एक वस्तु का मूल्य और उत्पादन संबंधी निर्धारण

(3) आर्थिक उतार-चढ़ाव के कारक तथा शक्तियाँ

(4) मौद्रिक और राजकोषीय नीतियाँ

6. निम्नलिखित पक्षों का उनके मुख्य व्यवहारवादी अनुशासनों के साथ मिलान कीजिए :

| | **पक्ष** | | **व्यवहारवादी अनुशासन** |
|---|---|---|---|
| (a) | नेतृत्व और तनाव प्रबंधन | (i) | मनोविज्ञान |
| (b) | समूह विवाद प्रबंधन | (ii) | मानव विज्ञान |
| (c) | मिश्रित सांस्कृतिक विश्लेषण | (iii) | समाज विज्ञान और मनोविज्ञान |
| (d) | शक्ति | (iv) | राजनीति विज्ञान |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

7. व्यवहार के प्रति चलता अनुकूलन या अभिगम दृष्टिकोण __________ पर आधारित है।

(1) पुनर्बलन का नियम
(2) प्रभाव का नियम
(3) पुनर्उत्पादन का नियम
(4) अपेक्षा का नियम

8. जिस सिद्धान्त के द्वारा बोधात्मक संगठन की प्रक्रिया कार्य करती है, उसकी पहचान सबसे पहले मैक्स रेढीमर ने वर्ष __________ में की थी।

(1) 1918
(2) 1933
(3) 1924
(4) 1923

9. __________ के __________ नेतृत्व सिद्धान्त में यह वर्णित है कि प्रभावी सामूहिक निष्पादन अपने अधीनस्थों के साथ व्यवहार करते समय नेतृत्वकर्त्ता की शैली और उस सीमा के बीच समुचित सामंजस्य पर निर्भर करता है जिस सीमा तक नेतृत्वकर्त्ता किसी स्थिति को नियंत्रित करता है एवं उस पर अपना प्रभाव छोड़ पाता है।

(1) इओवा स्टेट लीडरशिप स्टडीज ; रोनाल्ड लिप्पिट एण्ड रॉल्फ के. व्हाइट

(2) प्रबंधकीय ग्रिड ; ब्लेक एण्ड माउटन

(3) ट्रेट सिद्धान्त ; स्टॉजिल्ल एण्ड बर्नार्ड

(4) कंटिंजेंसी मॉडल ; फ्रेड फीडलर

10. When one individual or group wins at the expense of another individual or group, it is termed as __________.

(1) Zero-sum conflict
(2) Non-zero sum conflict
(3) Line-staff conflict
(4) Formal-informal conflict

11. Which one of the following statements is **not** true in the case of Human Resource Management ?

(1) It performs developmental function
(2) Employees are motivated by salary
(3) It is proactive in nature
(4) It consists of various sub-systems

12. Match the items given in the **List – I** and **List – II** and choose the **correct** option :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Personnel replacement chart | (i) | A chart prepared for each position in a company to show possible replacement candidates and their qualifications |
| (b) | Job posting | (ii) | The ongoing process of systematically identifying, assessing and developing organizational leadership to enhance performance |
| (c) | Succession planning | (iii) | Company records showing present performance and promotability of inside candidates for the most important positions |
| (d) | Position replacement card | (iv) | Publicizing an open job to employees and listing its attributes, like qualifications, supervisor, working schedule, etc. |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

13. Which one of the following training methods is **not** a managerial 'on-the-job training method' ?

(1) Coaching
(2) Action Learning
(3) Job Rotation
(4) Management Games

14. __________ to deal with employee indiscipline provides the offender every opportunity to state his side of the case.

(1) Punitive approach
(2) HRD approach
(3) Humanistic approach
(4) Judicial approach

**10.** जब कोई व्यक्ति या समूह किसी अन्य व्यक्ति या समूह की कीमत पर जीत हासिल करता है तब उसे __________ कहा जाता है।

(1) जीरो-सम विवाद (2) नॉन-जीरो सम विवाद

(3) लाइन-स्टाफ विवाद (4) औपचारिक-अनौपचारिक विवाद

**11.** मानव संसाधन प्रबंधन के मामले में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(1) यह विकासात्मक कार्य निष्पादित करता है। (2) कर्मचारियों को वेतन के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाता है।

(3) यह अतिसक्रिय प्रकृति का होता हैं। (4) इसमें विविध उप-प्रणालियाँ होती हैं।

**12.** **सूची – I** और **सूची – II** के मदों का मिलान करके **सही** विकल्प का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | | **सूची – II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | कार्मिक प्रतिस्थापन चार्ट | (i) | सम्भावित प्रतिस्थापन-योग्य अभ्यर्थियों एवं उनकी अर्हताओं को दर्शाने वाला चार्ट जो किसी कम्पनी में प्रत्येक पद के लिए तैयार किया जाता है |
| (b) | जॉब पोस्टिंग | (ii) | कार्य-निष्पादन को बढ़ाने के लिए व्यवस्थित रूप से पहचान करने, मूल्यांकन करने एवं संगठनात्मक नेतृत्व को विकसित करने की सतत प्रक्रिया |
| (c) | अनुक्रम नियोजन | (iii) | वर्तमान कार्य-निष्पादन और सर्वाधिक महत्वपूर्ण पदों के लिए आंतरिक अभ्यर्थियों की प्रोन्नयनीयता को दर्शाने वाला कम्पनी रिकार्ड |
| (d) | पद प्रतिस्थापन कार्ड | (iv) | कर्मचारियों को किसी सार्वजनिक नौकरी की जानकारी देना और दूसरी विशेषताओं जैसे अर्हताओं, पर्यवेक्षण, कार्य-समय इत्यादि की सूची बनाना |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**13.** निम्नलिखित प्रशिक्षण पद्धतियों में से कौन-सी पद्धति नौकरी के दौरान प्रयोग की जाने वाली प्रबंधकीय प्रशिक्षण पद्धति **नहीं** है?

(1) प्रशिक्षण (2) काम सीखना (3) काम का रोटेशन (4) प्रबंध खेल

**14.** कर्मचारी की अनुशासनहीनता से निपटने के लिए __________ में अपराधी को मामले में अपना पक्ष रखने का पूरा-पूरा अवसर दिया जाता है।

(1) दंडात्मक दृष्टिकोण (2) एच.आर.डी. दृष्टिकोण

(3) मानववादी दृष्टिकोण (4) न्यायिक दृष्टिकोण

**15.** Which one of the following is a disadvantage of Critical Incident Method as a tool of performance appraisal ?

(1) Difficult to rate or rank employees relative to one another

(2) Time - consuming

(3) Can cause disagreements among employees and may be unfair if all employees are, in fact, excellent

(4) Employee's appraisal results depend on employer's choice of cut-off points

**16.** If raw materials are in store for 2 months, processing time 2½ months, finished goods remain in store for 15 days, debtors are allowed 60 days' credit and credit received from suppliers of raw material is one month, the operating cycle period is :

(1) 7 months (2) 6 months (3) 6½ months (4) 5 months

**17.** Which of the following is **not** general disclosure requirement under Accounting standard-14 ?

(1) Name and nature of Business (2) Description and number of shares issued

(3) Accounting method followed (4) Particulars of scheme sanctioned

**18.** Under the Modified Accelerated Cost Recovery System (MACRS) an asset in the "5 year property class" would typically be depreciated over how many years ?

(1) 4 years (2) 5 years (3) 6 years (4) 7 years

**19.** According to the concept of financial signalling, management behaviour results in new debt issues being regarded as "__________ news" by investors.

(1) Non-Event (2) Bad (3) Risk Neutral (4) Good

**20.** The Exchange of interest and/or principal payment between two parties are called :

(1) Swap (2) In the money (3) Forward (4) Put option

**21.** From the following set of information, which combination is correct to define the process of perception in order to understand consumer behaviour ?

(a) Selective Attention (b) Selective Distortion

(c) Selective Retention (d) Selective Apprehension

**Code :**

(1) Only (a) and (d) are correct (2) Only (a), (b) and (d) are correct

(3) Only (b), (c) and (d) are correct (4) Only (a), (b) and (c) are correct

**15.** कार्य-निष्पादन मूल्यांकन के साधन के रूप में विवेचनात्मक घटना पद्धति का नुकसान निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(1) परस्पर संबंधी कर्मचारियों की रेटिंग करने या उनकी रैंकिंग तय करने में यह मुश्किल है।

(2) इसमें अधिक समय लगता है।

(3) इससे कर्मचारियों में मतभेद उत्पन्न हो सकते हैं और यदि वास्तव में सभी कर्मचारी उत्कृष्ट हों तो यह उनके लिए अनुचित हो सकती है।

(4) कर्मचारी-मूल्यांकन-परिणाम नियोक्ताओं के कट-ऑफ अंकों की पसंद पर निर्भर करते हैं।

**16.** यदि किसी स्टोर में कच्चा माल 2 महीनों के लिए रहता है, प्रसंस्करण समय 2½ महीने है, तैयार माल स्टोर में 15 दिनों के लिए रहता है, कर्जदारों को 60 दिनों के साख की अनुमति दी जाती है और कच्चे माल के आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त साख 1 माह है तो परिचालन चक्र अवधि क्या है ?

(1) 7 माह (2) 6 माह (3) 6½ माह (4) 5 माह

**17.** निम्नलिखित में से कौन लेखांकन मानक-14 के अंतर्गत सामान्य प्रकटीकरण अपेक्षा **नहीं** है ?

(1) व्यवसाय का नाम और स्वरूप

(2) जारी किए गए शेयरों का विवरण और संख्या

(3) अपनाई गई लेखांकन विधि

(4) स्वीकृत योजना का विवरण

**18.** संशोधित त्वरित लागत वसूली प्रणाली (MACRS) के अंतर्गत ''5 वर्षीय सम्पत्ति वर्ग'' में किसी परिसम्पत्ति का विशिष्ट रूप से कितने वर्षों में अवमूल्यन किया जाएगा ?

(1) 4 वर्ष (2) 5 वर्ष (3) 6 वर्ष (4) 7 वर्ष

**19.** वित्तीय संकेतन की अवधारणा के अनुसार, नए ऋण मामलों में प्रबंध व्यवहार परिणामों को निवेशकों द्वारा '' __________ न्यूज'' समझा जाता है।

(1) घटना रहित

(2) बुरा

(3) जोखिम के प्रति तटस्थ

(4) अच्छा

**20.** दो पक्षों के बीच ब्याज और/अथवा मूलधन भुगतान विनिमय क्या कहलाता है ?

(1) स्वैप (2) इन द मनी (3) फारवर्ड (4) पुट ऑप्शन

**21.** सूचना के निम्नलिखित सेट से उपभोक्ता के व्यवहार को समझने के उद्देश्य से दृष्टिकोण (Perception) की प्रक्रिया को परिभाषित करने हेतु कौन-सा संयोग **सही** है ?

(a) चयनात्मक ध्यान

(b) चयनात्मक विरूपण

(c) चयनात्मक स्मरण

(d) चयनात्मक आशंका

**कूट :**

(1) केवल (a) और (d) सही हैं।

(2) केवल (a), (b) और (d) सही हैं।

(3) केवल (b), (c) और (d) सही हैं।

(4) केवल (a), (b) और (c) सही हैं।

22. When the company's Salesperson contacts the customer from time to time with Suggestions about improved uses of the product or additional new range of products, then it is called as :

(1) Proactive Marketing (2) Accountable Marketing
(3) Reactive Marketing (4) Relationship Marketing

23. A state of demand where major part of the market dislikes the product and may even pay a price to avoid it, may be called as :

(1) Declining Demand (2) Overfull Demand
(3) Negative Demand (4) Distractive Demand

24. When the Companies pay less attention to its own costs or demands and bases its price largely on competitors' prices, then it is known as :

(1) Value Pricing (2) Going rate pricing
(3) Image pricing (4) Psychological pricing

25. From the given columns which of the combinations best describe the concepts of product hierarchy ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Need family | (i) | The core need that underlines the existence of a product family |
| (b) | Product family | (ii) | Group of items within a product line that share one of several possible forms of the product |
| (c) | Product class | (iii) | Group of products within the product family recognized as having a certain functional coherence |
| (d) | Product line | (iv) | All the product classes that can satisfy a core need with reasonable effectiveness |

**Code :**

(1) Only (a) - (i), (b) - (iv) and (c) - (iii) are correct
(2) Only (a) - (i), (b) - (iii) and (c) - (iv) are correct
(3) Only (b) - (iv), (c) - (iii) and (d) - (ii) are correct
(4) (a) - (i), (b) - (iii), (c) - (ii) and (d) - (iv) are correct

26. An input (such as variable cost per unit or fixed cost) for a model is an example of a(n) ?

(1) Stochastic variable (2) Decision variable
(3) Algorithm (4) Parameter

22. जब कम्पनी का विक्रेता समय-समय पर उत्पाद के उन्नत उपयोगों अथवा उत्पादों की अतिरिक्त नई शृंखला के सुझावों के साथ ग्राहकों से सम्पर्क करता है, तो इसे कहा जाता है :

(1) अतिसक्रिय विपणन (2) जवाबदेह विपणन

(3) प्रतिक्रियात्मक विपणन (4) सम्बन्ध विपणन

23. मांग की एक ऐसी अवस्था, जहां बाज़ार का बड़ा हिस्सा उत्पाद को नापसन्द करता है और यहाँ तक कि उसे टालने के लिए एक कीमत भी अदा कर सकता है, उसे निम्नलिखित में से क्या कहाँ जा सकता है ?

(1) ह्रासोन्मुख मांग (2) अधिपूर्ण मांग (3) नकारात्मक मांग (4) विकर्षणपूर्ण मांग

24. जब कम्पनी स्वयं की लागतों अथवा मांगों पर कम ध्यान देती है और अपनी कीमतों को प्रतिस्पर्धियों की कीमतों के आधार पर तय करती है, तब इसे निम्नलिखित में से किस रूप में जाना जाता है ?

(1) मूल्य आधारित कीमत निर्धारण (2) जारी दर आधारित कीमत निर्धारण

(3) छवि आधारित कीमत निर्धारण (4) मनोवैज्ञानिक कीमत निर्धारण

25. दिए गए स्तम्भों में से कौन-सा संयोजन उत्पाद अनुक्रम की अवधारणाओं की सर्वोत्तम व्याख्या करता हैं ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | आवश्यकता वर्ग | (i) | मूलभूत आवश्यकता जो उत्पाद वर्ग के अस्तित्व को रेखांकित करती है |
| (b) | उत्पाद वर्ग | (ii) | एक उत्पाद शृंखला के भीतर वस्तुओं का समूह जो उत्पाद के अनेक संभावित रूपों में से एक को साझा करता हो |
| (c) | उत्पाद श्रेणी | (iii) | उत्पाद वर्ग के भीतर उत्पादों का समूह जिन्हें कतिपय कार्यात्मक संसक्त के रूप में जाना जाता है। |
| (d) | उत्पाद शृंखला | (iv) | सभी उत्पाद श्रेणियां जो समुचित प्रभावकारिता के साथ मूल आवश्यकता की पूर्ति करती हों |

**कूट :**

(1) केवल (a) - (i), (b) - (iv) और (c) - (iii) सही हैं।

(2) केवल (a) - (i), (b) - (iii) और (c) - (iv) सही हैं।

(3) केवल (b) - (iv), (c) - (iii) और (d) - (ii) सही हैं।

(4) (a) - (i), (b) - (iii), (c) - (ii) और (d) - (iv) सही हैं।

26. प्रतिमान हेतु एक इनपुट (यथा प्रति इकाई चर लागत अथवा स्थायी लागत) निम्नलिखित में से किसका एक उदाहरण है ?

(1) प्रसंभाव्य चर (2) निर्णय चर (3) कलन विधि (4) मानदंड

**27.** Match the items of **List – I** and **List – II** and indicate the correct code :

| **List – I**<br>**Operations Management Functions** | | **List – II**<br>**Activities** |
|---|---|---|
| (a) Capacity planning | (i) | Setting policy guidelines and procedural details of making a watch |
| (b) Quality Management | (ii) | The steering of the cars loaded in trucks reaches the assembly line every morning and evening |
| (c) Process Design | (iii) | Establishing rules and policies of which tablets are to be accepted and others not to be |
| (d) Location and Layout of facilities | (iv) | A hospital can largely serve 500 patients at any time |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (2) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

**28.** Car enters the drive-through of a fast food restaurant to place an order, and then it proceeds to pay for the food, and pick up the order. This is an example of :

(1) a multiphase system
(2) a multichannel system
(3) a multiguaue system
(4) a multiphase and multichannel system

**29.** A manufacturer is considering five alternative locations for setting up its factory. Using the information given in the table obtain a ranking and tell the best location for setting the factory ?

Table :

| Factors | Relative Weight | Location 1 | Location 2 | Location 3 | Location 4 | Location 5 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Availability of Infrastructure | 0.28 | 20 | 40 | 55 | 35 | 60 |
| Size of Market | 0.18 | 30 | 30 | 80 | 60 | 40 |
| Industrial Relation Climate | 0.15 | 80 | 30 | 50 | 60 | 50 |
| Tax Benefits | 0.09 | 80 | 20 | 20 | 20 | 10 |
| Availability of cheep labour | 0.09 | 70 | 70 | 50 | 50 | 45 |
| Nearness to port | 0.20 | 20 | 40 | 60 | 50 | 90 |

**Code :**

(1) Location 2
(2) Location 3
(3) Location 4
(4) Location 1 and Location 5

27. **सूची – I** तथा **सूची – II** की मदों का मिलान करें एवम् **सही** संयोग चुने :

| **सूची – I**<br>**प्रचालन प्रबंधन संबंधी कार्य** | | **सूची – II**<br>**गतिविधियाँ** |
|---|---|---|
| (a) क्षमता नियोजन | (i) | घड़ी निर्माण के नीतिगत दिशा-निर्देशों तथा प्रक्रियात्मक ब्यौरे निर्धारित करना। |
| (b) गुणवत्ता प्रबंधन | (ii) | ट्रकों में लदी हुई कारों की स्टियरिंग प्रत्येक सुबह और शाम समानुक्रम में पहुंचती हैं। |
| (c) प्रक्रिया प्रारूप | (iii) | टेबलेट्स को स्वीकृत करने अथवा अन्य को न करने के संबंध में नियम और नीतियाँ स्थापित करना। |
| (d) सुविधाओं का स्थल और खाका | (iv) | एक अस्पताल किसी भी समय मोटे तौर पर 500 रोगियों का उपचार कर सकता है। |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (2) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

28. एक कार आर्डर देने हेतु एक फास्ट फूड रेस्तरां के 'वाहन पर रहकर क्रय करने के स्थान' में प्रवेश करती है और इसके बाद खाद्य सामग्री हेतु भुगतान करने और आर्डर प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ जाती है। यह निम्नलिखित में से किसका उदाहरण है ?

(1) एक बहु-चरण प्रणाली
(2) एक बहु-चैनल प्रणाली
(3) एक बहु-कतार प्रणाली
(4) एक बहु-चरण और बहु-चैनल प्रणाली

29. एक विनिर्माता अपना कारखाना स्थापित करने हेतु पाँच वैकल्पिक स्थलों पर विचार कर रहा है। सारणी में दी गई जानकारी का उपयोग करते हुए एक रैंकिंग प्राप्त करें और कारखाने की स्थापना हेतु सर्वोत्तम स्थल बताएं।

सारणी :

| **कारक** | **सापेक्षिक भार** | **स्थल 1** | **स्थल 2** | **स्थल 3** | **स्थल 4** | **स्थल 5** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अवसंरचना की उपलब्धता | 0.28 | 20 | 40 | 55 | 35 | 60 |
| बाज़ार का आकार | 0.18 | 30 | 30 | 80 | 60 | 40 |
| औद्योगिक संबंध वातावरण | 0.15 | 80 | 30 | 50 | 60 | 50 |
| कर लाभ | 0.09 | 80 | 20 | 20 | 20 | 10 |
| सस्ते श्रम की उपलब्धता | 0.09 | 70 | 70 | 50 | 50 | 45 |
| पत्तन से निकटता | 0.20 | 20 | 40 | 60 | 50 | 90 |

**कूट :**

(1) स्थल 2
(2) स्थल 3
(3) स्थल 4
(4) स्थल 1 और स्थल 5

**30.** If the project completion time is normally distributed and the due date for the project is greater than the expected completion time, then the probability that the project will be finished by the due date is :

(1) undeterminable without more information
(2) less than 0.50
(3) equal to 0.50
(4) greater than 0.50

**31.** Match the items of **List – I** with those of **List – II** and choose the correct code :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| (a) | The probability of two events occurring together or in succession | (i) | Marginal probability |
| (b) | The probability of occurring one event given that another event has occurred | (ii) | Posterior probability |
| (c) | The probability of occurring a single event | (iii) | Subjective probability |
| (d) | The probability revised in the light of additional informations | (iv) | Joint probability |
| | | (v) | Conditional probability |

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (v) | (i) | (iii) |
| (2) | (v) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (v) | (iv) | (iii) | (i) |
| (4) | (iv) | (v) | (i) | (ii) |

**32.** Consider the following statements relating to correlation and regression analysis :

**Statement I :** Correlation is independent of change of scale, but not of origin
**Statement II :** Correlation denotes co-variability between the variables
**Statement III :** Regression is a relative measure of relationship between variables
**Statement IV :** Regression is independent of change of origin but not of scale

Choose the **correct** option :

(1) **Statements I, II** and **IV** are correct
(2) **Statements II, III** and **IV** are correct
(3) **Statements II** and **III** are correct
(4) **Statements II** and **IV** are correct

**33.** Which of the following is **not** a technology driver for an information system ?

(1) Knowledge asset management (2) Enterprise applications
(3) Object technologies (4) Networks and internet

**34.** 'Negandhi Estafen' is recognised as a good model for the analysis of :

(1) Organisational effectiveness (2) Management effectiveness
(3) Organisational growth (4) Organisation behaviour

**30.** यदि परियोजना पूर्ण करने का समय सामान्य रूप से वितरित किया जाता है और परियोजना हेतु नियत तिथि इसके पूर्ण होने की समयावधि से अधिक है, तो परियोजना के नियत तिथि तक पूर्ण होने की संभाव्यता क्या हैं?

(1) अतिरिक्त सूचना के बिना निर्धारित नहीं की जा सकती है

(2) 0.50 से कम

(3) 0.50 के बराबर

(4) 0.50 से अधिक

**31.** **सूची – I** और **सूची – II** के मदों का मिलान कीजिए और **सही** कूट का चयन करें :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | दो घटनाओं के एक साथ या क्रमिक रूप से होने की सम्भाव्यता | (i) | सीमांत सम्भाव्यता |
| (b) | किसी एक घट चुकी घटना के आधार पर अन्य घटना के होने की सम्भाव्यता | (ii) | पश्चातवर्ती सम्भाव्यता |
| (c) | किसी एकल घटना के होने की सम्भाव्यता | (iii) | विषयपरक सम्भाव्यता |
| (d) | अतिरिक्त सूचनाओं के आधार पर संशोधित सम्भाव्यता | (iv) | संयुक्त सम्भाव्यता |
| | | (v) | सशर्त सम्भाव्यता |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (v) | (i) | (iii) |
| (2) | (v) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (v) | (iv) | (iii) | (i) |
| (4) | (iv) | (v) | (i) | (ii) |

**32.** प्रतिगमन और सह-सम्बन्ध विश्लेषण के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

**कथन** - **I :** सहसंबंध मानदंड-परिवर्तन से स्वतंत्र होता है परन्तु मूल से स्वतंत्र नहीं होता।

**कथन** - **II :** सहसंबंध परिवर्तियों के बीच सह-परिवर्तनीयता दर्शाता है।

**कथन** - **III :** प्रतिगमन परिवर्तियों के बीच के संबंध का सापेक्षिक मापन होता है।

**कथन** - **IV :** प्रतिगमन मूल-परिवर्तन से स्वतंत्र होता है परंतु मानदंड-परिवर्तन से स्वतंत्र नहीं होता।

**सही** विकल्प का चयन कीजिए :

(1) **कथन I, II** एवं **IV** सही हैं।

(2) **कथन II, III** एवं **IV** सही हैं।

(3) **कथन II** एवं **III** सही हैं।

(4) **कथन II** एवं **IV** सही हैं।

**33.** किसी सूचना प्रणाली के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा तकनीकी संवाहक **नहीं** है?

(1) ज्ञान परिसम्पति प्रबंधन

(2) उद्यम अनुप्रयोग

(3) वस्तु प्रौद्योगिकियाँ

(4) नेटवर्क्स और इंटरनेट

**34.** 'नेगन्धी एस्टेफिन' निम्नलिखित में से किस विश्लेषण के लिए अच्छे माडल के रूप में जाना जाता है?

(1) संगठनात्मक प्रभावकारिता

(2) प्रबंधनात्मक प्रभावकारिता

(3) संगठनात्मक विकास

(4) संगठनात्मक व्यवहार

**35.** A self contained internet program designed to be used in a specific environment is :

(1) Active – X (2) Application programme interface

(3) Applet (4) Artificial intelligence

**36.** A company manages multiple strategies for it's multiple markets and multiple products through which one of the following ?

(1) Strategic Planners (2) Strategic Business Units

(3) Strategic Windows (4) Strategic Technology

**37.** Match the items of **List – I** with **List – II** :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Technical Innovation Strategy | (i) Foreign producer gives a straight copy |
| (b) Product Adaptation Strategy | (ii) Perceived and demonstrable superior products |
| (c) Availability and Security Strategy | (iii) Modifications to existing products |
| (d) Total Adaptation and Conformity Strategy | (iv) Overcome transport risk by countering perceived risks |

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

**38.** Only diversified company with a balanced portfolio can use its strengths to truly capitalise on its growth opportunities. Hence the balanced portfolio contains :

(1) Stars whose high share and high growth assure the future

(2) Cash cows that supply funds for their future growth

(3) Question marks to be converted into stars with the added funds

(4) All of the above

**39.** Porter's Generic Strategies identified three basic catagories of strategies to include which one of the following combinations ?

(1) High Cost Producer, differentiation and cost control

(2) Low Cost Producer, differentiation and focused Niche

(3) Specific strategic issues, vertical integration strategies and supply strategy

(4) Managerial resources, profitability and focused Niche

**35.** किसी विशिष्ट परिवेश में प्रयुक्त किए जाने के लिए अभिकल्पित स्व-निहित इंटरनेट प्रोग्राम है :

(1) एक्टिव – X
(2) एप्पलिकेशन प्रोग्राम इंटरफेस
(3) एप्पलेट
(4) कृत्रिम मेधा

**36.** कोई कम्पनी अपने बहु-बाज़ार और बहु उत्पाद के लिए बहु-व्यूहरचनाओं का प्रबन्धन निम्न में से किस एक के माध्यम से करती है ?

(1) व्यूहरचना संबंधी नियोजक
(2) व्यूहरचना संबंधी व्यवसाय इकाइयाँ
(3) व्यूहरचना संबंधी विंडो
(4) व्यूहरचना संबंधी प्रौद्योगिकी

**37.** **सूची – I** के मदों को **सूची – II** के मदों से सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) तकनीकी नवोन्मेष कार्यनीति | (i) विदेशी उत्पादक एक सीधी प्रति देता है |
| (b) उत्पाद अनुकूलन कार्यनीति | (ii) परिकल्पित और प्रदर्शन योग्य श्रेष्ठ उत्पाद |
| (c) उपलब्धता और सुरक्षा कार्यनीति | (iii) विद्यमान उत्पादों में आशोधन |
| (d) सकल अनुकूलन और अनुपालन कार्यनीति | (iv) परिकल्पित जोखिम का प्रतिकार करते हुए परिवहन जोखिम पर विजय प्राप्त करना |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

**38.** एक संतुलित पोर्टफोलियो के साथ केवल विविधीकृत कम्पनी ही अपनी शक्तियों का उपयोग विकास अवसरों का लाभ उठाने के लिए कर सकती है। इसलिये संतुलित पोर्टफोलियों में क्या होता है ?

(1) स्टार जिनकी उच्च भागीदारी और उच्च विकास भविष्य को आश्वस्त करता है।
(2) कैश काउ जो उनके भावी विकास के लिए निधियों की आपूर्ति करते हैं।
(3) संवर्धित निधियों के साथ प्रश्न चिह्नों को स्टार में परिवर्तित किया जाता है।
(4) उपर्युक्त सभी

**39.** पोर्टर की जेनेरिक व्यूहरचना निम्नलिखित किन तीन मूल व्यूहरचनाओं के श्रेणियों की पहचान करता है ?

(1) उच्च लागत उत्पादक, विभेदन और लागत नियंत्रण।
(2) निम्न लागत उत्पादक, विभेदन और संकेन्द्रीत अवसर।
(3) निर्दिष्ट व्यूहरचना संबंधी मुद्दे, लम्बवत् एकीकरण व्यूहरचना और आपूर्ति व्यूहरचना।
(4) प्रबन्धकीय कारण, लाभप्रदता और संकेन्द्रीत अवसर

**40.** The stages of corporate development provide a way for the strategic manager to analyse :

(1) Personal objectives, entrepreneurial skill

(2) Managerial abilities, opportunity and threats

(3) Frequently encountered version, functional management

(4) Competitiveness, aggresiveness

**41.** Which of the following are included as external factors affecting industrial sickness ?

(a) Changes in fiscal and monetary policies

(b) Price and distribution

(c) Non-availability of inputs

(d) Industrial relations

(e) Capital market fluctuations

**Code :**

(1) (a), (b), (c) and (d)

(2) (b), (c), (d) and (e)

(3) Only (a), (b) and (c)

(4) (a), (b), (c), (d) and (e)

**42.** **Statement (I)** "Motivation is a continuous, complex and dynamic process".

**Statement (II)** "As compared to other industries, extra motivation is required in service sector industries".

(1) **Statement (I)** is correct but **Statement (II)** is incorrect.

(2) **Statement (II)** is correct but **Statement (I)** is incorrect.

(3) Both, **Statement (I)** and **(II)** are correct.

(4) Both, **Statement (I)** and **(II)** are incorrect.

**43.** **Assertion (A) :** The function of entrepreneurs is to reform or revolutionise the pattern of production by exploiting an invention or, more generally, an untried technological possibility for producing a new commodity or producing an old one in a new way.

**Reasoning (R) :** Lack of innovations will usually reduce the life span of a product and/or service.

**Code :**

(1) **Assertion (A)** and **Reasoning (R)**, both, are correct, and **(R)** is correct explanation of **(A).**

(2) **Assertion (A)** and **Reasoning (R)**, both, are correct, but **(R)** is not right explanation of **(A).**

(3) **Assertion (A)** is correct, whereas **Reasoning (R)** is incorrect.

(4) **Reasoning (R)** is correct, whereas **Assertion (A)** is incorrect.

**40.** निगम विकास के चरण व्यूहरचना प्रबन्धक को किन विश्लेषणों का एक रास्ता उपलब्ध कराते हैं?

(1) व्यक्तिगत लक्ष्य, उद्यम संबंधी कौशल

(2) प्रबन्धकीय योग्यताएं, अवसर और खतरे

(3) बारम्बार आने वाला रूपान्तर, कार्यात्मक प्रबन्धन

(4) प्रतिस्पर्धात्मकता, आक्रामकता

**41.** औद्योगिक रूग्णता को प्रभावित करने वाले बाह्य कारकों में शामिल हैं?

(a) राजकोषीय तथा मौद्रिक नीतियों में बदलाव

(b) मूल्य और वितरण

(c) इनपुट्स की अनउपलब्धता

(d) औद्योगिक संबंध

(e) पूंजी बाज़ार में उतार-चढ़ाव

**कूट :**

(1) (a), (b), (c) और (d)
(2) (b), (c), (d) और (e)
(3) केवल (a), (b) और (c)
(4) (a), (b), (c), (d) और (e)

**42.** **कथन (I) :** ''अभिप्रेरण सतत्, जटिल और गत्यात्मक प्रक्रिया है।''

**कथन (II) :** ''अन्य उद्योगों की तुलना में, सेवा क्षेत्र के उद्योगों में अतिरिक्त अभिप्रेरण की आवश्यकता होती हैं।''

(1) **कथन (I)** सही है परंतु **कथन (II)** गलत है।

(2) **कथन (II)** सही है परंतु **कथन (I)** गलत है।

(3) **कथन (I)** और **(II)** दोनों सही हैं।

(4) **कथन (I)** और **(II)** दोनों गलत हैं।

**43.** **अभिकथन (A) :** उद्यमियों का कार्य किसी नयी वस्तु का उत्पादन करने के लिए अथवा किसी पुरानी वस्तु का उत्पादन नये तरीके से करने के लिए, आविष्कार के माध्यम से अथवा सामान्यतया नूतन तकनीकी सम्भावनाओं के माध्यम से उत्पादन के तरीके में सुधार करना अथवा उसमें क्रांति लाना है।

**कारण (R) :** नवप्रवर्तन के अभाव में किसी उत्पाद और/अथवा सेवा की अवधि सामान्यतया कम हो जाएगी।

**कूट :**

(1) **अभिकथन (A)** और **कारण (R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(2) **अभिकथन (A)** और **कारण (R)** दोनों सही हैं परंतु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **अभिकथन (A)** सही है जबकि **कारण (R)** गलत है।

(4) **कारण (R)** सही है जबकि **अभिकथन (A)** गलत है।

**44.** A business idea becomes a good business opportunity when it covers which four of the following ?

(a) Attractiveness
(b) Foreign Collaborations
(c) Political Support
(d) Timeliness
(e) Durability
(f) Value addition to end user

**Code :**

(1) (a), (b), (d) and (e)
(2) (a), (b), (e) and (f)
(3) (a), (d), (e) and (f)
(4) (b), (c), (e) and (f)

**45.** Which of the following are correct for an entrepreneur ?

(a) is an independent person
(b) makes his/her own decisions
(c) has the opportunity of realising dreams
(d) has good financial strength
(e) has undergone a systematic business training
(f) has immense job satisfaction

**Code :**

(1) (a), (b), (c) and (d)
(2) (a), (b), (c) and (e)
(3) (a), (b), (c) and (f)
(4) (a), (b), (d) and (f)

**46.** **Assertion (A) :** Social audit has been defined as a commitment to systematic assessment of and reporting in some meaningful, definable domain of the company's activities that have social impacts.

**Reasons (R) :** The Companies Act 2013 has accorded statutory recognition of the social responsibility of a corporate entity and gives option to provide a percentage of profit for the purpose as per discretion of the board.

**Code :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct, and **(R)** is the right explanation of **(A)**.
(2) Both **(A)** and **(R)** are correct, but **(R)** is not the right explanation of **(A)**.
(3) **(A)** is correct but **(R)** is not correct.
(4) **(R)** is correct but **(A)** is not correct.

**44.** कोई व्यावसायकि आइडिया तब अच्छा व्यावसायिक अवसर बन जाता है जब इसमें निम्नलिखित में से कौन-सी चार विशेषताएं होती है ?

(a) आकर्षणीयता

(b) विदेशी सहयोग

(c) राजनीतिक समर्थन

(d) समयनिष्ठता

(e) स्थायित्व

(f) अंतिम प्रयोक्ता के लिए मूल्य वर्धन

**कूट :**

(1) (a), (b), (d) और (e)

(2) (a), (b), (e) और (f)

(3) (a), (d), (e) और (f)

(4) (b), (c), (e) और (f)

**45.** एक उद्यमी के लिये निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है ?

(a) स्वतंत्र व्यक्ति होता है।

(b) स्वयं अपने निर्णय लेता/लेती है।

(c) उसके पास अपने सपनों को साकार करने का अवसर होता है।

(d) उसके पास खासी आर्थिक ताकत होती है।

(e) व्यवस्थित ढंग से व्यावसायिक प्रशिक्षण-प्राप्त होता है।

(f) उसको अपने कार्य से भरपूर संतुष्टि प्राप्त होती है।

**कूट :**

(1) (a), (b), (c) एवम् (d)

(2) (a), (b), (c) एवम् (e)

(3) (a), (b), (c) एवम् (f)

(4) (a), (b), (d) एवम् (f)

**46.** **अभिकथन (A) :** सामाजिक लेखा परीक्षा को कम्पनी के उन कार्यकलापों जिनका सामाजिक असर पड़ता है, के कुछ अर्थपूर्ण, परिभाषा योग्य क्षेत्र का क्रमबद्ध आकलन और प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की प्रतिबद्धता के रूप में परिभाषित किया जाता है।

**तर्क (R) :** कम्पनी अधिनियम, 2013 ने निगम इकाई की सामाजिक उत्तरदायित्व को सांविधिक मान्यता प्रदान की है और बोर्ड के विवेक के अनुसार इस उद्देश्य के लिए लाभ का एक निश्चित प्रतिशत उपलब्ध कराने का विकल्प प्रदान करता है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही है, और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही है, लेकिन **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** सही नहीं है।

(4) **(R)** सही है लेकिन **(A)** सही नहीं है।

**47.** Which one of the following of 'Immanuel Kant's' Principle, known as categorical imperatives, is a guide to managerial action ?

(1) The managers should be open to share his/her corporate secrets, individual traits with external agencies.

(2) The managers be free and open to share his individual knowledge and experience for community's gain.

(3) A person's action is ethical only if that person is willing for that same action to be taken by everyone who is in a similar situation.

(4) A person always treats another human being simply as a means to an end.

**48.** Teleology in ethics supports which one of the following the most ?

(1) It is duty-based ethics and measures whether an action is right or wrong.

(2) It measures whether the results of the actions are right or wrong.

(3) It focuses on purpose of each action and judges the consequences of an action.

(4) It focuses on neutrality and fidelity of an action.

**49.** **Assertion (A)** : Deontology is duty-based ethics. It is an approach to ethics that addresses whether the motives behind certain action are right or wrong.

**Reason (R)** : Deontology focuses on whether the results of the actions are right or wrong.

**Code :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct

(2) **(A)** is correct and **(R)** is the right explanation of **(A)**

(3) **(A)** is correct but **(R)** is not the right explanation of **(A)**

(4) Both **(A)** and **(R)** are incorrect

**50.** **Assertion (A)** : Rules notified by the Ministry of Corporate Affairs (MCA) Sec. 149 of the Companies Act mandates that a listed company having a paid up share capital of ₹ 100 crore or more shall appoint at least one woman director on its board.

**Reasons (R)** : The corporate entities wanted to enhance gender equality and woman empowerment in corporate governance and company administration.

**Code :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct.

(2) **(A)** is correct and **(R)** is the right explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is correct but **(R)** is not the right explanation of **(A)**.

(4) Both **(A)** and **(R)** are incorrect.

- o O o -

47. निम्नलिखित में से इमेनुअल कांट का कौन–से सिद्धांत को स्पष्ट अनिवार्यता के रूप में जाना जाता है और जो प्रबन्धकीय कार्य का मार्गदर्शक है ?

(1) प्रबन्धकों को बाह्य एजेंसियों के साथ निगम संबंधी गोपनीय जानकारी, वैयक्तिक लक्षणों की पारस्परिक आदान–प्रदान के लिए तैयार रहना चाहिए।

(2) प्रबन्धक को समुदाय के लाभ के लिए अपने वैयक्तिक ज्ञान और अनुभव का पारस्परिक आदान–प्रदान करने के लिए स्वतंत्र और तैयार होना चाहिए।

(3) किसी व्यक्ति का कार्य तभी नैतिक होता है जब वह व्यक्ति यह चाहता है कि समान स्थिति में प्रत्येक व्यक्ति वही कार्य करेगा।

(4) कोई व्यक्ति हमेशा दूसरे व्यक्ति को किसी साध्य के साधन के रूप में देखता है।

48. नीतिशास्त्र में सोद्देश्यावाद निम्नलिखित में से किसका सबसे अधिक समर्थन करता है ?

(1) यह कर्तव्य–आधारित नीतिशास्त्र है और इसको मापता है की कोई कार्य सही है या गलत।

(2) यह मापता है कि कार्य के परिणाम सही है या गलत।

(3) यह प्रत्येक कार्य के उद्देश्य पर ध्यान केन्द्रित करता है और कार्यों के परिणामों का आकलन करता हैं।

(4) यह किसी कार्य की निष्पक्षता और कर्त्तव्यपारायणता पर ध्यान केन्द्रीत करता है।

49. **अभिकथन (A) :** कर्त्तव्यशास्त्र कर्त्तव्य–आधारित नीतिशास्त्र है। यह नीतिशास्त्र के प्रति एक ऐसा दृष्टिकोण है जो इस बात पर ध्यान देता है कि किसी निश्चित कार्य का प्रयोजन सही है या गलत।

**तर्क (R) :** कर्त्तव्यशास्त्र इस बात पर ध्यान देता है कि कार्यों का परिणाम सही है या गलत।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

(2) **(A)** सही है और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं करता है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

50. **अभिकथन (A) :** कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा अधिसूचित नियमों, कम्पनी अधिनियम की धारा 149 यह अधिदेशित करता है कि एक सूचीबद्ध कम्पनी, जिसकी प्रदत्त पूंजी ₹ 100 करोड़ या उससे ज्यादा हो वह अपने बोर्ड में कम से कम एक महिला निदेशक की नियुक्ति करेगा।

**तर्क (R) :** कारपोरेट निकाय ज्यादा लिंग समानता और कारपोरेट शासन और कम्पनी प्रशासन में महिलाओं का सशक्तीकरण चाहते थे।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

(2) **(A)** सही है और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या करता है।

(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

- o O o -

**Space For Rough Work**